पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 06 व एन.बी.डब्लू. में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 22.11.2023

दिनांक 21/22.11.2023 को रात्रि अलीगंज 02, चिनहट 01, गाजीपुर 01, सरोजनीनगर 01, विभूतिखण्ड 01 व एन.बी.डब्लू. में थाना वजीरगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल वांछित में कुल 06 व एन.बी.डब्लू. में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना विभूतिखण्ड- दिनांक 22.11.2023 को थाना विभूतिखण्ड द्वारा बताया गया कि श्री नौमी लाल कनौजिया पुत्र नत्था लाल निवासी- कला करौली, थाना काकोरी लखनऊ हालपता विराजखण्ड-2 झोपड़पट्टी थाना विभूतिखण्ड लखनऊ द्वारा थाना विभूतिखण्ड पर सूचना दिया कि आज दिनांक 22.11.2023 को समय करीब 7.30 बजे सुबह उसका पुत्र नमन कनौजिया उम्र करीब 18 वर्ष कुत्ता घूमाने के लिए निकला था कि कुत्ता हाथ से छूट कर रेलवे पटरी की तरफ भागा तो उसका पुत्र नमन कुत्ते को पकड़ने के लिए कुत्ते के पीछे दौड़ा तभी लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उसका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसके पुत्र नमन उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राहुल बालियान मो0नं0- 8979858638 थाना विभूतिखण्ड द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक नमन कनौजिया उम्र करीब 18 वर्ष उपरोक्त भरवारा रेलवे क्रासिंग के पास कुत्ता टहलाने के लिए गया था कि अचानक कुत्ता छूटकर रेलवे ट्रैक पर चला गया जिसे बचाने उसके पीछे नमन उपरोक्त गया था, कि पिलर सं0- 1084/30 – 1084/28 के मध्य डाउन ट्रैक पर आ रही ट्रैन की चपेट में आ गया, जिससे नमन कनौजिया उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक मजदूरी करता था।

थाना इन्दिरानगर-दिनांक 22.11.2023 को थाना इन्दिरानगर द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती शिल्पी रानी पत्नी श्री आशीष राय निवासी - 02 मानस इन्क्लेव थाना इन्दिरानगर लखनऊ ने थाना इन्दिरानगर पर सूचना दिया कि दिनांक 20.11.2023 को सायं 05.24 बजे वादिनी के मोबाईल फोन पर नं.- 8303371341 से एक कॉल आयी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह वादिनी के पिताजी का क्लाइंट है, उसे वादिनी के खाते में पैसे भेजने है फिर उस व्यक्ति ने वादिनी को 10,000/- रूपये क्रेडिट का मैसेज भेजा, उसके बाद 20,000/- रूपये का भेजा फिर उक्त व्यक्ति ने कहा कि 18,000/- रूपया अधिक चला गया है वो वापस कर दीजिए। वादिनी द्वारा उसे वापस कर दिया गया। इसी प्रकार से फिर 25,000/- रूपये का मैसेज भेजा और वापस मांगा वादिनी द्वारा पुनः रूपया वापस कर दिया गया। इस प्रकार वादिनी के खाते से 43,000/- रूपये का फ्रॉड हो गया। **इस सूचना पर थाना इन्दिरानगर पर मु0अ0सं0- 402/2023 धारा- 66डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना सरोजनीनगर- दिनांक 22.11.2023 को थाना सरोजनीनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री अमित कुमार सिंह (सोनू सिंह) पुत्र स्व0धीरेन्द्र पाल सिंह निवासी- ग्राम व पोस्ट पिपरसण्ड थाना सरोजनीनगर लखनऊ ने थाना सरोजनीनगर पर सूचना दिनांक 21/22.11.2023 की रात्रि में वादी के घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात व लगभग 75,000/- रूपये की नगदी को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना सरोजनीनगर पर मु0अ0सं0- 516/2023 धारा- 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**